पत्र संख्या –पुर०–01 / 2026 ......899......... / रा० (10)

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)
फणीश्वरनाथ रेणु, हिन्दी भवन, छज्जूबाग,
पटना–800001, मो० नं० 9472270215
E-mail–rajbhasha@bihar.gov.in

प्रेषक,

एस० एम० परवेज़ आलम,
अपर सचिव-सह-निदेशक।

सेवा में,

सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/
सचिव/प्रमंडलीय आयुक्त/विभागाध्यक्ष।

पटना, दिनांक–08.09.2026....

विषय:- सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2025–26 के अधीन सचिवालय स्तरीय पदाधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की योजना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को प्रशस्त करने के लिए बिहार सरकार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) द्वारा 'सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना' संचालित है। इस योजना के अधीन सचिवालय स्तर पर सभी विभागों के चयनित पदाधिकारियों / कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रति पदा० / कर्म० 10,000 / –(दस हजार) रूपये का पुरस्कार स्वीकृत है।

सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के कार्यान्वयन हेतु स्वीकृत आलेख (छायाप्रति संलग्न) में अंकित निदेश के आलोक में राज्य सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / प्रमंडलीय आयुक्त / विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित अधिकतम तीन पदाधिकारियों / कर्मचारियों की प्रविष्टियों में से एक को यह पुरस्कार देय है।

अतः अनुरोध है कि इस योजना की जानकारी सभी सम्बद्ध पदाधिकारियों / कर्मचारियों को दी जाय तथा प्राप्त प्रविष्टियाँ (मोबाईल नम्बर सहित) दिनांक–30.09.2026 तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। इस योजना के अधीन पूर्व में पुरस्कृत पदाधिकारियों / कर्मचारियों की टिप्पणियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(एस० एम० परवेज़ आलम)
अपर सचिव–सह–निदेशक

विशेष सचिव, कोषांग
डायरी सं० 2154
दिनांक 11/09/26
जल संसाधन विभाग
बिहार, पटना

F:\VIVEK 2026\Vijay Sir\pur-01-2026- apar mukhya sachiv.docx

उप सचिव (मुख्यालय) कोषांग
पत्र डायरी संख्या- 1607

सचिव
जल संसाधन विभाग
डायरी सं० 8139
दिनांक 10/09/26

ई–मेल

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांकः–01/स्था0–26–26/2024– 5481 पटना, दिनांक– 17/9/2024

प्रतिलिपिः– विभाग (मुख्यालय एवं मुख्य अभियंता कार्यालय) में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. कार्यपालक अभियंता IT, WRD IT Centre, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं IT Manager जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सभी मुख्य अभियंताओं को ईमेल करने हेतु प्रेषित।

अनु0ः–यथोक्त।

15.09.24

(संजय प्रसाद)

सरकार के उप सचिव